

मोदी के कार्यकाल में भारत बना वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार, अमेरिका-चीन को कर रहा निर्यात: वैष्णव पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर






# मोदी के 12 साल: मंत्रिमंडल ने रिकॉर्ड कार्यकाल को सराहा

## 4,399 दिन पूरे, मोदी बने सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित पीएम

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर सराहना करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया और इस उपलब्धि को भारतीय लोकतंत्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मोदी के कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर खड़े होकर करतल ध्वनि से उनका अभिवादन किया। मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में पारित प्रस्ताव में उन्हें चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने पर बधाई दी गई और भरोसा जताया गया कि मोदी के नेतृत्व में भारत ''आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र के तौर पर नई ऊंचाई हासिल करता रहेगा''। मंत्रिमंडल ने मोदी के ''विकसित भारत'' के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, समावेशी विकास तथा सामाजिक न्याय के मामलों में उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। सरकार के विकास के एजेंडे का जोरदार समर्थन करते हुए, मंत्रिमंडल ने 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में मोदी के नेतृत्व को पूरा समर्थन दिया और जनसेवा के प्रति उनके अथक समर्पण की सराहना की।



शुभकामनाओं से अभिभूत हूं: प्रधानमंत्री मोदी

## राजग की बैठक में छाई बंगाल की 'झालमुड़ी', मोदी ने नेताओं संग लिया स्वाद



भारत मंडपम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी को खिलाई झालमुड़ी

बंगाल की पहचान बन चुकी लोकप्रिय सड़क–नाश्ता झालमुड़ी बुधवार को एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रही। भारत मंडपम में राजग सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहयोगी दलों के नेताओं के साथ झालमुड़ी का आनंद लिया।प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप साझा की, जिसमें पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी उन्हें कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए एक अस्थायी स्टॉल पर झालमुड़ी परोसते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में प्रधानमंत्री अन्य नेताओं को भी झालमुड़ी बांटते नजर आए।प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, संजय निषाद तथा अन्य राजग नेता मौजूद थे। झालमुड़ी लेते समय प्रधानमंत्री ने स्टॉल पर मौजूद कार्यकर्ता को धन्यवाद भी दिया।बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भी मोदी के झालमुड़ी खाने की तस्वीरें काफी चर्चा में रही थीं।

## सुस्त विकास दर को चालाकी से 'हिंदू' से जोड़ा गया; इसका नाम 'कांग्रेस विकास दर' होना चाहिए था: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके शासनकाल में सुस्त विकास दर को चतुराई से 'हिंदू विकास दर' कहा गया था, जबकि कुशासन के कारण इसका नाम 'कांग्रेस विकास दर' होना चाहिए था। मोदी ने कहा कि 2014 से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 12 वर्षों की एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि देश को कांग्रेस के 'दुष्चक्र' से मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक शासन के महत्व को समझ लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री का कीर्तिमान बनाने के अवसर पर राजग की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सुस्त विकास दर को 'हिंदू विकास दर' कहा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यशैली, जिम्मेदारी और विफलता सभी कांग्रेस की थीं, लेकिन उसका कलंक देश की विशाल हिंदू आबादी पर डाल दिया गया था। मोदी ने अपने 37 मिनट के भाषण में कहा कि 'विकसित भारत' का सपना किसी एक व्यक्ति या पार्टी का नहीं है, बल्कि यह देश के हर व्यक्ति का संकल्प बन गया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में उस पार्टी ने देश को ''ला-चारी, दरिद्रता और हीनता की भावना'' की गर्त में धकेल दिया था।

## दुनिया भर से मिली बधाई

**नई दिल्ली/मॉस्को :** उपलब्धि पर रूस, यूरोपीय संघ, इटली, जर्मनी, कनाडा, मालदीव, मलेशिया, केन्या और अन्य देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी। रूस के क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मोदी को सभी भारतीय प्रधानमंत्रियों में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाला नेता बताया और भारत–रूस संबंधों को आगे बढ़ाने में उनके योगदान की सराहना की।यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी तथा ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी को बधाई दी।

## राजग नेताओं ने सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री का कीर्तिमान बनाने पर मोदी को सम्मानित किया



केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सबसे लंबे समय तक देश की सेवा करने का कीर्तिमान बनाने पर बुधवार को नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं ने मोदी को स्थिर सरकार देने, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ाने का श्रेय दिया। नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राजग के सहयोगी दलों की बैठक में शामिल नेताओं ने अपनी यह राय रखी। यह बैठक सत्तारूढ़ गठबंधन के 12 साल पूरे होने और मोदी के निर्बाध रूप से भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजग नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की उपलब्धि ऐसे दौर में जनता के लगातार समर्थन को दर्शाती है, जब राजनीति को कामकाज के आधार पर आंका जाता है।

## आरबीआई ने 135 एनबीएफसी के लाइसेंस रद्द किए

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 135 गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। इनमें एक्सप्रेस फिनकैप हाउस, अक्षय फिस्कल सर्विसेज, टाइम्स फाइनेंस, जुपिटर फिनवेस्ट, एसेल फाइनेंस बिजनेस लोन्स और सिटीवाइड फाइनेंशियल सर्विसेज जैसी कंपनियां शामिल हैं। आरबीआई के अनुसार, जिन कंपनियों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, उनमें अधिकांश का पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल में स्थित था।केंद्रीय बैंक ने यह भी बताया कि 13 एनबीएफसी ने कारोबार बंद करने, विलय, समापन या स्वैच्छिक रूप से नाम हटाने के कारण अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिए हैं। जे. थॉमस फाइनेंस, इकोन–सुपर सेल्स, हितेशा फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट और इम्पैक्ट लीजिंग जैसी कंपनियों ने गैर–बैंकिंग वित्तीय कारोबार छोड़ने के कारण लाइसेंस लौटाए।इसके अलावा कुछ कंपनियों ने विलय या कानूनी इकाई समाप्त होने के कारण लाइसेंस वापस किए। आरबीआई ने कहा कि यह कदम नियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करने और वित्तीय क्षेत्र को अधिक पारदर्शी एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## भारत ने अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब किया और ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले एक वाणिज्यिक पोत पर अमेरिकी हमले को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हमले के बाद जहाज पर मौजूद भारतीय चालक दल के 24 सदस्यों में से तीन लापता हो गए। अपनी प्रतिक्रिया में नयी दिल्ली ने कहा कि पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक नौवहन और असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए, और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर बिना किसी रुकावट के आवाजाही जल्द से जल्द बहाल की जानी चाहिए। वाणिज्यिक पोत 'सेटेबेलो' पर यह हमला तब हुआ, जब इसके दो दिन पहले ही पलाओ के झंडे वाले एक जहाज पर, जिसमें 24 भारतीय सवार थे, अमेरिकी नौसेना ने हमला किया था। यह जहाज ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश कर रहा था।

# पश्चिम बंगाल में बांटे गए मंत्रालय

## शुभेंदु अधिकारी ने अपने पास रखा गृह और भूमि सुधार विभाग

### शपथ ग्रहण के 10 दिन बाद हुआ विभागों का आवंटन

**कोलकाता, समाज्ञा**

बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई वाली नई भाजपा सरकार में मंत्रियों के विभागों का आखिरकार बंटवारा हो गया है। राज्य सरकार ने एक जून को पहले मंत्रिमंडल विस्तार के तहत शपथ ग्रहण के 10 दिन बाद 35 नए मंत्रियों के बीच विभागों के आवंटन की बुधवार को आधिकारिक घोषणा कर दी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गृह व पर्वतीय, सूचना व संस्कृति, बिजली, भूमि एवं भूमि राजस्व, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभाग अपने पास ही रखे हैं।

### कैबिनेट मंत्री

1. **शभेंदु अधिकारी :** मुख्यमंत्री और गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, विद्युत, सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, विभाग और अन्य मंत्रियों को आवंटित न किए गए अन्य विभागों के प्रभारी मंत्री
2. **निशिथ प्रामाणिक :** उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास
3. **अशोक कीर्तनिया :** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और सहकारिता
4. **दिलीप घोष :** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और कृषि विपणन
5. **खुदीराम टुडू :** जनजातीय विकास एवं अल्पसंख्यक मामलों का विभाग और मदरसा शिक्षा
6. **अग्निमित्रा पाल :** शहरी विकास एवं नगर पालिका मामलों का विभाग
7. **दीपक बर्मन :** स्कूल शिक्षा, आवास, एमएसएमई एवं वस्त्र विभाग
8. **तापस राय :** उद्योग, वाणिज्य और उद्यम, सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण
9. **डा शंकर घोष :** संसदीय कार्य विभाग और पर्यटन
10. **मनोज कुमार उरांव :** वन और पर्यावरण
11. **अर्जुन सिंह :** श्रम एवं परिवहन
12. **गौरी शंकर घोष :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और जन शिक्षा विस्तार एवं पुस्तकालय सेवा
13. **जगन्नाथ चट्टोपाध्याय :** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास
14. **स्वपन दासगुप्ता :** वित्त
15. **डा. कल्याण चक्रबर्ती :** सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रसंस्करण
16. **डा शरद्वत मुखर्जी :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
17. **अरूप कुमार दास :** सिंचाई एवं जलमार्ग
18. **डा. अजय कुमार पोद्दार :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और लोक निर्माण
19. **दूध कुमार मोंडल :** कृषि विभाग

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

1. **मालती रावा राय :** महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण
2. **राजेश महता :** पशु संसाधन विकास विभाग और मत्स्य पालन
3. **डा. इंद्रनील खान :** युवा एवं खेल विभाग और उपभोक्ता मामले

### राज्य मंत्री

1. **जोएल मुर्मु :** जनजातीय विकास विभाग और सिंचाई एवं जलमार्ग
2. **आनंदमय बर्मन :** परिवहन एवं वित्त
3. **अशोक डिंडा :** कृषि विपणन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं वस्त्र
4. **नाडियार चंद बोरी :** लोक निर्माण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण
5. **विशाल लामा :** गृह एवं पर्वतीय मामले, अल्पसंख्यक मामलों का विभाग और मदरसा शिक्षा
6. **शांतनु प्रमाणिक :** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास
7. **मौमिता बिस्वास मिश्रा :** उद्योग, वाणिज्य और उद्यम विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
8. **उमेश राय :** संसदीय कार्य विभाग, शहरी विकास और नगरपालिका कार्य
9. **पूर्णिमा चक्रवर्ती :** सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों का विभाग और पर्यटन
10. **कौशिक चौधरी :** स्कूल शिक्षा विभाग और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा
11. **डा.हरे कृष्ण बेरा :** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी
12. **भास्कर भट्टाचार्य :** सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और श्रम
13. **दिबाकर घरामी :** सहकारिता विभाग, वन एवं पर्यावरण
14. **अमिय किस्कू :** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं बागवानी विभाग, कृषि विभाग, आवास
15. **कलिता माजी :** विद्युत विभाग और गैर–पारंपरिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत
16. **गार्गी दास घोष :** विद्युत
17. **एडवोकेट बिराज बिस्वास :** विधि विभाग, न्यायिक विभाग और उत्तर बंगाल विकास
18. **दीपांकर जाना :** भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास विभाग और सुंदरबन मामलों का विभाग
19. **सुमना सरकार :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण




# मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के रिकॉर्ड कार्यकाल को भारत के लिए बताया 'अहम पल'

❑ **न्यूटाउन के राम मंदिर में शुभेंदु अधिकारी ने की पूजा-अर्चना**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को नरेन्द्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने पर बधाई दी और इस उपलब्धि को देश के इतिहास में एक 'अहम पल' बताया। अधिकारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पद पर 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने उनके नेतृत्व की तारीफ करते हुए उन्हें 'फैसले लेने वाली, दूरदर्शी और सबको साथ लेकर चलने वाला' बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जटिल वैश्विक चुनौतियों के बीच देश का मार्गदर्शन किया और साथ ही विश्व मंच पर भारत की स्थिति को भी मजबूत किया। अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी के शासन व्यवस्था के दर्शन सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर भी जोर दिया और कहा कि 'अंत्योदय' पर ध्यान देने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिली है कि विकास का फायदा समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इस उपलब्धि को जनता के जनादेश का प्रतिबिंब बताते हुए अधिकारी ने कहा कि यह मील का पत्थर समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश की प्रगति को और मजबूत करेगा। बाद में, अधिकारी ने 'न्यूटाउन राम मंदिर' में पूजा-अर्चना भी की। पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की है कि भारत आने वाले दिनों में विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति और विकास के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के प्रत्येक नागरिक का कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों की खुशहाली, शांति और समृद्धि के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है और जनकल्याण के उद्देश्य से सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## उद्योग ही बंगाल का भविष्य, टाटा समूह को वापस लाना प्राथमिकता : उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री तापस राय

❑ **उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री का दावा, निवेश बढ़ाने और उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार बड़े कदम उठाएगी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद बुधवार को मंत्री तापस राय ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य में निवेश बढ़ाने और उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार बड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रमुख लक्ष्य टाटा समूह सहित उन बड़े उद्योग घरानों को वापस लाना है, जिन्होंने पूर्व में राज्य से दूरी बना ली थी। तापस राय ने कहा कि उद्योग ही राज्य के भविष्य की कुंजी है। राज्य के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को साथ लेकर आगे बढ़ना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसे स्वीकार करते हुए काम किया जाएगा।

तापस राय ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की औद्योगिक नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों में राज्य में उद्योगों की उपेक्षा हुई। उन्होंने कहा कि केवल दिखावटी विकास कार्य किए गए, जबकि उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार नहीं किया गया। उनके अनुसार, राज्य में कथित तौर पर बढ़ी तानाशाही, तुष्टिकरण और अवैध वसूली जैसी गतिविधियों के कारण अनेक उद्योगपति और निवेशक पश्चिम बंगाल छोड़कर अन्य राज्यों में चले गए।

उद्योग मंत्री ने दावा किया कि तृणमूल के शासनकाल में 6688 छोटे, मध्यम और बड़े उद्योग राज्य से बाहर चले गए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योग जगत को भरोसा दिलाना चाहती है कि अब निवेशकों को किसी प्रकार की अवैध वसूली या प्रशासनिक बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। तापस राय ने कहा कि जो उद्योगपति राज्य छोड़कर चले गए हैं, उन्हें वापस लाना होगा। टाटा समूह को फिर से पश्चिम बंगाल में निवेश के लिए आमंत्रित करना होगा। इसके साथ ही अडानी और अंबानी जैसे बड़े औद्योगिक समूहों को भी राज्य में निवेश के लिए आकर्षित करना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

## बिना टैक्स बढ़ाए राजस्व बढ़ाना सबसे बड़ी चुनौती : वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता

❑ **वित्त मंत्री का पद संभालते ही आज उत्तर बंगाल दौरे पर रवाना होंगे स्वप्न दासगुप्ता**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के नवनियुक्त वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने बुधवार को विभाग का कार्यभार संभाला और कहा कि नए कर लगाए बिना राजस्व जुटाना एक बड़ी चुनौती होगी। पद संभालने के पहले दिन दासगुप्ता ने कहा कि उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति की शुरुआती समीक्षा की है और उन्हें वित्तीय हालात की मुख्य बातों की जानकारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले सप्ताह में राज्य के बजट के लिए कम से कम दो और बैठकें होंगी। दासगुप्ता ने कहा कि मैं चीजों को समझने की कोशिश कर रहा हूं। आगे चुनौतियां हैं और कोशिश यह होगी कि कर बढ़ाए बिना ज्यादा से ज्यादा राजस्व हासिल किया जाए। राज्य का कुल कर्ज लगातार बढ़ा है और 2025-26 में इसके 7.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने का अनुमान है। महंगाई भत्ते की देनदारियां, वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करना और सामाजिक कल्याण योजन-ाओं पर होने वाला खर्च सरकार के लिए मुख्य वित्तीय चुनौतियां हो सकती हैं। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता आज सिलीगुड़ी के दौरे पर जा रहे हैं, जहां वे चाय बागान श्रमिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे और उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनेंगे।

## फिरहाद हकीम के खिलाफ शिकायत दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व मंत्री और कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम के खिलाफ महिलाओं के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और धार्मिक उकसावे से जुड़े आरोपों को लेकर बिधाननगर दक्षिण थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता संजय पोयरा ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई है। संजय पोयरा का आरोप है कि 7 नवंबर 2024 को संदेशखाली में आयोजित तृणमूल कांग्रेस की एक सभा में फिरहाद हकीम ने महिलाओं के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि उस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी। पोयरा ने कहा कि उनके पास उस भाषण का वीडियो फुटेज भी मौजूद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 3 जुलाई 2024 को एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान फिरहाद हकीम ने कथित रूप से धार्मिक भावनाओं को भड़काने और सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने वाली टिप्पणियां की थीं। भाजपा कार्यकर्ता का दावा है कि वर्ष 2024 में इन घटनाओं के बाद वह शिकायत दर्ज कराने के लिए बिधान-नगर दक्षिण थाना पहुंचे थे, लेकिन उस समय उनकी शिकायत स्वीकार नहीं की गई थी। उनका आरोप है कि तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों के कारण पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। संजय पोयरा ने कहा कि राज्य में राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के बाद उन्होंने एक बार फिर थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है।

**NAME CHANGE**

I,VINAY AGARWAL,SON OF DEVESH KUMAR AGARWAL,RESIDENT OF FLAT - 1E,TOWER - 2B,ACTIVE ACRES,54/10 D.C. DEY ROAD,PO & PS - TANGRA,KOLKATA - 700015,WEST BENGAL,INDIA,WEST BENGAL DO HEREBY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM SHIVYYAA AGARWAL(OLD NAME) TO SHIVVYAA AGARWAL (NEW NAME) AND HENCEFORTH SHE SHALL BE KNOWN AS SHIVVYAA AGARWAL (NEW NAME ) IN ALL PURPOSE,VIDE AFFIDAVIT NO 11278 SWORN BEFORE THE LD 1ST CLASS JUDICIAL MAGISTRATE AT SEALDAH ON 06/06/2026.SHIVVYAA AGARWAL(NEW NAME) AND SHIVYYAA AGARWAL(OLD NAME) BOTH ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**Change of Name**

I, Nitu Agarwal, wife of Manoj Kumar Agarwal, residing at 48, Dobson Road, Shyama, Sadan, 4th Floor,Block-A Flat-402, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that both names Nitu Agarwal and Neetu Agarwal is the same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Kolkata dated 2nd June 2026.

**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

Offline Short Notice Inviting Tender No -25/ City (E) of 2026-27 from bonafied and resourceful contractors having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on 11.06.2026 up to 10.00 hrs. Other details may be seen from the web site: www.pwdwb.in

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.

**PWD (GOVT OF WB)
TENDER NOTICE
e-NIT NO. WBPWD/PC/SSE/ NIeT-04/2026-2027**

Sr. SE, Presidency Circle, PWD invites online e-tender for the work of "Reconstruction, modification, repair and upgradation of Internal Pathway and Driveways inside the Campus of Lok Bhavan, Kolkata during the year 2026-2027". Tender ID :- 2026_WBPWD_ 5015291_1. Bid Submission Closing date (online ) :- 24.06.2026 upto 1.00 PM. Corrigendum if any will be published in website only. Details of NIT and Tender Documents may be downloaded from : http:// tenders.wb.gov.in

Sd/-
Sr. Superintending Engineer
Presidency Circle, PWD
Govt. of West Bengal

**नाम परिवर्तन**

मैं, ओम प्रकाश, पुत्र राम लाल, निवासी मेट्रोपोल कंपाउंड, मल्लीताल, नैनीताल, उत्तराखंड, नैनीताल, उत्तराखंड में नोटरी पब्लिक के समक्ष 23 मई 2026 को दिए गए शपथ-पत्र के माध्यम से सत्यनिष्ठा से यह पुष्टि और घोषणा करता हूँ कि ओम प्रकाश और ओम प्रकाश आर्य एक ही व्यक्ति हैं।

**Change of Name**

I, Juni Saraf, wife of Ashish Saraf, old residing at BF114, Saltlake, Sector-1, Bidhannagar (M), BF Block, 24 Praganas (N)-700064, new residing at FE-172, 1st floor, Saltlake City, Sector-3, Bidhannagar (M), 24 Praganas (N)-700106, do hereby solemnly affirm and declare that the before marriage I was known as Juni Beriwal and after marriage wirh Ashish Saraf, Juni Saraf and Juni Saraf and Juni Beriwal is the same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class affidavit no-8460 at Calcutta dated 15th May 2026.

I, Manoj Kumar Agarwal, son of Atmaram Agarwal, residing at 48, Dobson Road, Shyama Sadan,4th Floor,Block-A Flat-402, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that Manoj Kumar Agarwal and Manoj Agarwal is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 10th August 2018.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसएएनडीटी-कॉन-01-2026-एचक्यू, दिनांक 09.06.2026;** डेप्टी सीएसटीई/ कॉन/II, पूर्व रेलवे, एचक्यू, 17, एन. एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निविदा सं. एसएएनडीटी-कॉन-01-2026-एचक्यू के तहत दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **बंद होने की तारीख 30.06.2026 को 16.00 बजे।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अधीन सामान्य सलाहकार की नियुक्ति। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 8,66,01,564; **बयाना राशि:** रु. 17,32,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **समापन अवधि:** 36 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** 16.06.2026। (CON-17/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पांच सालों में शैक्षणिक गौरव पुन:स्थापित करना है लक्ष्य : उच्च शिक्षा मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के नवनियुक्त उच्च शिक्षा मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने बुधवार को पिछली सरकार के दौरान भ्रष्टाचार और गिरते स्तरों के कारण शिक्षा क्षेत्र को सबसे ज़्यादा नुकसान पहुंचने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य की शैक्षणिक गौरव को पुन:स्थापित करने के लिए काम करेगी। विभाग का कार्यभार संभालने के बाद जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने कहा कि उन्होंने शुरुआती समीक्षा की है जहां उन्हें भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ता संबंधी चिंताएं मुख्य चुनौतियों के रूप में नजर आयीं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पिछली चट्टोपाध्याय के दौरान शिक्षा का क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ था। हालात दम घोंटू थे। हमारा लक्ष्य अगले पांच वर्षों में बंगाल की शिक्षा व्यवस्था की खोई हुई शान को फिर से शीर्ष पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि (उच्च शिक्षा के क्षेत्र में) बहुत ऊंचे स्तर पर भ्रष्टाचार है। पैसों के लेन-देन से जुड़े भ्रष्टाचार के अलावा, गुणवत्ता से जुड़े गंभीर मुद्दे भी हैं।

जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने आश्वासन दिया कि भाजपा चट्टोपाध्याय के तहत शिक्षा क्षेत्र में भर्ती पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त तरीके से की जाएगी। उन्होंने किसी खास मामले पर चर्चा किए बिना कहा कि हम भ्रष्टाचार-मुक्त भर्ती सुनिश्चित करेंगे और व्यवस्था में पारदर्शिता लाएंगे। मंत्री ने कहा कि वह तुरंत एक पेशेवर कार्य संस्कृति लागू करेंगे और खास उपाय कदमों की घोषणा से पहले राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थिति का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

## भारतीय टीम में बढ़ाएंगे राज्य के खिलाड़ियों की संख्या : खेल एवं युवा कल्याण मंत्री डॉ. इंद्रनील खां

❑ **नवनियुक्त खेल मंत्री का दावा, अब प्रतिभाओं को पलायन करने की जरूरत नहीं**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मंत्रियों के विभागों की आधिकारिक घोषणा के बाद नए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. इंद्रनील खां ने अपनी कमान संभाल ली है। मंत्रालय का दायित्व मिलते ही उन्होंने राज्य के खेल जगत की सबसे बड़ी प्रशासनिक कमजोरी पर चोट करते हुए अपनी भावी योजनाओं को स्पष्ट किया है। डॉ. इंद्रनील खां ने चिंता जताते हुए कहा कि आज भारतीय फुटबॉल टीम या अन्य राष्ट्रीय खेल टीमों में बंगाल के खिलाड़ियों की संख्या न के बराबर हो गई है, जिसे बदलना ही उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। नए खेल मंत्री ने कहा कि सही बुनियादी ढांचे और अवसरों की कमी के कारण राज्य के प्रतिभाशाली एथलीटों को दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। खेल प्रेमियों की इस पुरानी शिकायत को दूर करने का भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं की मदद से एथलीटों के भविष्य को पूरी तरह सुरक्षित किया जाएगा। दूसरे राज्यों से खेल रहे हैं बंगाल के लड़के: उन्होंने अफ़सोस जताते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी आज दूसरे राज्यों की तरफ से 'संतोष ट्रॉफी' खेलने को मजबूर हैं। भारतीय फुटबॉल टीम में बंगाल का प्रतिनिधित्व लगभग खत्म हो गया है। इस स्थिति को सुधारने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। युवा खिलाड़ी भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए राज्य के हर हिस्से में सही खेल बुनियादी ढांचा और सटीक प्लानिंग के साथ अकादमियां तैयार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को सभी जरूरी वित्तीय सुविधाएं, आधुनिक उपकरण और सरकारी नौकरियां मिल सकें। नवनियुक्त खेल मंत्री ने दृढ़ संकल्प जताते हुए कहा कि उनका अंतिम उद्देश्य बंगाल के लड़के-लड़कियों को इस काबिल बनाना है कि वे आने वाले समय में ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स और विश्व कप जैसे वैश्विक मंचों पर देश और राज्य का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर सकें।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 120_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** (i) बेगमपुर-बेगमपुर स्टेशन में एफओबी सीढ़ियों का प्रावधान। (ii) एईएन/एलएलएच के अधीन हिंद मोटर स्टेशन में सभी प्लेटफॉर्मों पर लिफ्टों के साथ 6 मी चौड़े एफओबी का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु.6,77,52,624.84; **बयाना राशि:** रु. 13,55,100। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 121_2026-27, दिनांक 09.06.2026, कार्य का विवरण:** (i) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में पीएनई स्टेशन पर एक फूट ओवर ब्रिज का विस्तार। (ii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में केपीएलई स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iii) एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में एमएलबी स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iv) नलहाटी-सीनि. डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच के अधीन नलहाटी स्टेशन में वर्तमान एफओबी का पश्चिम की ओर विस्तार के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित लागत:** रु.8,32,92,068.67; **बयाना राशि:** रु. 16,65,900। **निविदा प्रपत्र की लागत:** प्रत्येक लिए शून्य। **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 01.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-141/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं. – एम–200/टीआईएमसी & एचव्हाईटी पेंट बूथ/2025–26, दि. 03.06.2026) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं–

**कार्य का नाम :** (i) कार्य के दायरे के अनुसार 65 कोचों के लिए आवश्यक उपभोग्य सामग्रियों और मशीनरी के साथ टीआरसी/टीआरएससी/टीआईएमसी कोचों के पेंटिंग एप्लीकेशन कार्य और (ii) कार्य के दायरे के अनुसार 150 कोचों के लिए नई पेंट शॉप में नए पेंट बूथ और बेकिंग ओवन की कमीशनिंग के लिए कोचों की मैनुअल पेंटिंग गतिविधियों और संबद्ध कार्यों के आवेदन कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.): ₹ 61,23,433.00, अमानत राशि (रु.): ₹1,22,500.00, कार्य की मात्रा:** 1. 65 कोच, 2. 150 कोच। **कार्य समापन की अवधि:** 18 माह।
• ई–निविदा दिनांक – 29.06.2026 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं जो कि 15:00 बजे के बाद ऑनलाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग–II, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई–निविदा सं.– एम–200/एमसीएफ/आरबीएल/फर–गतिविधियाँ/एलएसएलआरडीडब्ल्यूडब्ल्यू/एफ–87, दिनांक 05.06.2026) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं–

**कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार चौड़ी खिड़की के साथ एलएसएलआरडी एलएचबी प्रकार के कोचों में आंतरिक मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल फर्निशिंग और फिटिंग के लिए कार्य के लिए निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.): ₹ 3,24,24,437.37, बिड अमानत राशि (रु.): ₹ 6,48,500.00, कार्य की मात्रा:** 185 एलएसएलआरडी कोच अनुसूची–ए और अनुसूची–बी के साथ। **कार्य समापन की अवधि:** 09 माह।
• ई–निविदा दिनांक 29.06.2026 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई–निविदा दिनांक 29.06.2026 को 15:00 बजे के बाद ऑन–लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। • ई–निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नीशिंग–II

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (निविदा सं. एम–200/इन हाउस मैन्युफैक्चरिंग सीट & बर्थ/अमृत भारत/मेमू/2026–27 दिनांक:– 05.06.2026) खुली एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं–

**कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अंतर्गत अमृत भारत और मेमू कोचों के लिए सीट और बर्थ सेट के इन हाउस निर्माण के कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.): ₹1,63,53,620.00, अमानत राशि (रु.): ₹3,27,100.00, कार्य की मात्रा:** 1. एलडब्लूएससीएन (अमृत भारत)= 72 कोच सेट। 2. एलडब्लूएस (अमृत भारत)= 49 कोच सेट। 3. मेमू कोच (डीएमसी/डीएमसी 2/एन डीएमसी)= 27 कोच सेट। 4. मेमू कोच (टीसी)= 81 कोच सेट। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।
• निविदा दिनांक 01.07.2026 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं, जो कि 15:00 बजे के बाद ऑनलाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नी. प्रोग.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी एंड व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा सूचना:– एमसीएफ/आरबीएल/निविदा/पीएसएम और सीपीएएम/2025–26/सी 668 दिनांक 06.06.2026, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं:–

**कार्य का नाम :** कार्य क्षेत्र के अनुसार प्लेट स्ट्रेटनिंग मशीन का समस्त कार्य तथा CNC Pro-Arc मशीन का संचालन। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.): ₹ 33,72,450.15, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.): ₹ शून्य, अमानत राशि (रु.): ₹ 67,500.00** (रु. सड़सठ हजार पांच सौ) मात्र। **कार्य की मात्रा:** जैसा कि अध्याय VI मात्राओं के बिल में संलग्न है। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।
• **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**– दिनांक 30.06.2026 को 11:00 बजे • निविदा सूचना, पात्रता मानदण्ड, नियम एवं शर्तें IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी एंड व्हील

**ई–निविदा सूचना सं0 03/2026–27 (खुली)/उमुइं II/एम/एमसीएफ/आरबीएल–शुद्धि पत्र**

ई–निविदा सूचना सं० 03/2026–27 (खुली)/उमुइं II/एम/एमसीएफ/आरबीएल में निविदा खुलने की तिथि निम्नवत संशोधित की जाती है:–

| विवरण | निविदा खुलने की वर्तमान तिथि | निविदा खुलने की संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| निविदा खुलने की वर्तमान तिथि | 27.06.2026 | 06.07.2026 |

उप मुख्य इंजीनियर–II

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



राज्यमंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग का पदभार संभाला, निदेशक डॉ. रजत नंदा ने किया स्वागत




राज्यमंत्री उमेश राय ने शहरी विकास और नगरपालिका कार्य का पदभार संभाला

# बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 18 आईएएस अधिकारियों के तबादले

❑ **17 विभागों के सचिव बदले गए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 18 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल की मंजूरी के बाद अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार ने कहा है कि यह बदलाव प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और जनहित को ध्यान में रखकर किया गया है।

फेरबदल के तहत 1993 बैच के वरिष्ठ अधिकारी अनूप कुमार अग्रवाल को कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं वस्त्र विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली स्थित प्रधान आवासीय आयुक्त दुष्यंत नारियाला को राष्ट्रीय राज्य प्रशासन एवं प्रशिक्षण संस्थान के महानिदेशक तथा राज्य तकनीकी एवं सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में विकास कार्यों की मुख्य समन्वयक नंदिनी चक्रवर्ती को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं, डॉ. रवि इंदर सिंह को परिवहन विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है।

राज्य के खेल, भूमि, तकनीकी शिक्षा और सिंचाई विभागों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। राजेश पांडे को युवा सेवा एवं खेल विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है। सुरेन्द्र गुप्ता को भूमि एवं भूमि सुधार तथा शरणार्थी, राहत एवं पुनर्वास विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। राजीव कुमार को तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि राजेश कुमार सिन्हा को सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव रहे परवेज अहमद सिद्दीकी का तबादला कर उन्हें स्टेट गजेटियर्स का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है।

### सचिव स्तर पर व्यापक बदलाव

सचिव स्तर पर भी व्यापक बदलाव देखने को मिला है। डॉ. सौमित्र मोहन राज्यपाल के सचिव के रूप में कार्य करते रहेंगे, लेकिन अब उन्हें सूचना एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग के सचिव जगदीश प्रसाद मीना को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का नया सचिव बनाया गया है। उनके स्थान पर मौमिता गोदारा बसु को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा, मुक्ता आर्य को सुंदरबन मामलों के विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि रचना भगत को श्रम विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। आर. विमला को उत्तर बंगाल विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। रणधीर कुमार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही उनके पास वित्त विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। वर्ष 2015 बैच के अधिकारी राजू मिश्रा को नया आबकारी आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नीलम मीना को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# अलीपुर में जिला परिषद कार्यालय में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की 17 गाड़ियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में बुधवार की सुबह एक नौ मंजिला सरकारी इमारत में भीषण आग लग गई जिसे दमकल की 17 गाड़ियों ने बुझाया। इस इमारत में दक्षिण 24 परगना जिले का प्रशासनिक कार्यालय है। सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान जिला परिषद की सड़क और परिवहन स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं तथा उनका कार्यालय इसी इमारत की तीसरी मंज़िल पर था। अधिकारियों ने बताया कि अलीपुर इलाके में सुबह करीब 9.50 बजे इस इमारत में आग लगी लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह आग भवन के अन्य हिस्सों में फैल गयी तथा ऊपरी तल पर फंसे एक व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा गया। कुछ घंटों बाद, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। लेकिन दोपहर में सबसे ऊपर की दो मंजिलों पर आग की लपटें उठती नजर आयीं, जिसके कारण आग बुझाने का काम और तेज़ करना पड़ा। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 'ऊपरी मंज़िलों पर आग की नई लपटें देखी गई हैं। आग बुझाने का काम जारी है और दमकल की 17 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग तीसरी मंज़िल और चौथी मंज़िल से फैली, जहां शुरू में काफी लपटें उठ रही थीं। उन्होंने बताया कि शुरू में आग बुझाने के काम में रुकावट आई क्योंकि इमारत के आस-पास जगह की कमी के कारण 'स्काई लैडर' को उसके करीब नहीं लाया जा सका। अधिकारियों ने कहा कि आरंभ में बहुत ज़्यादा धुएं के कारण अग्निशमन कर्मियों के लिए सीढ़ियों से इमारत के अंदर जाना मुश्किल हो रहा था। अग्निशमन कर्मियों ने पहले बाहर से पानी की बौछारें कीं और फिर धीरे-धीरे इमारत के अंदर गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सही वजह का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

टीएमसी के कांग्रेस में विलय की अटकलों को ऋतब्रत बनर्जी ने किया खारिज, कहा...

# 'असंतुष्ट गुट ही असली तृणमूल'

❑ **नेता प्रतिपक्ष का दावा, बागी विधायकों की संख्या 64 हुई**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के बागी नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि उनका गुट ही 'असली तृणमूल' है। उन्होंने इसी के साथ तृणमूल के कांग्रेस में विलय की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया। ऋतब्रत ने दावा किया कि उनके नेतृत्व में बागी गुट के विधायकों की संख्या 58 से बढ़कर 64 हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके नीत गुट को पार्टी के ज्यादातर विधायकों और बड़ी संख्या में सांसदों का समर्थन हासिल है और वे तृणमूल कांग्रेस के बैनर तले ही काम करते रहेंगे। ऋतब्रत ने राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा कि हम ही असली तृणमूल कांग्रेस हैं। हम कांग्रेस में विलय नहीं कर रहे हैं। हालांकि, ऋतब्रत ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि संगठन कांग्रेस के नेतृत्व वाली किसी व्यवस्था का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे साथ विधायकों की संख्या पहले ही 64 के पार हो चुकी है। कल एक और विधायक के हमारे साथ जुड़ने पर यह संख्या 65 हो सकती है। जाहिर है, असली तृणमूल कांग्रेस हम ही हैं। दिल्ली में कौन किससे मिलता है, यह उनका मामला है और हमारे लिए इसका कोई महत्व नहीं है। बागी नेता ने कहा कि विधानसभा में गुट की बदली हुई ताकत को दर्शाने वाला एक नया पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बागी गुट को न केवल विधायकों का, बल्कि सांसदों, स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों और ज़िला-स्तर के नेताओं का भी समर्थन प्राप्त है। ऋतब्रत ने सवाल किया कि ज़्यादातर विधायक कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। ज्यादातर सांसद भी कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। कई जिला नेता और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि भी कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। तो फिर विलय का सवाल ही कहां उठता है? उन्होंने दोहराया कि लोकसभा में बागी सांसद भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन जारी रखेंगे।

### कलकत्ता हाई कोर्ट के दिग्गज वकील धीरज त्रिवेदी बने केंद्र के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार ने कलकत्ता हाई कोर्ट के वरिष्ठ और प्रखर अधिवक्ता धीरज त्रिवेदी को केंद्रीय अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, धीरज त्रिवेदी का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा और वह आगामी नौ जुलाई से औपचारिक रूप से इस महत्वपूर्ण पद का कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वह डिप्टी सॉलिसिटर जनरल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। धीरज त्रिवेदी को देश के जटिल कानूनी मामलों, विशेषकर वित्तीय अपराधों की पैरवी का लंबा अनुभव है। बंगाल में पिछले कुछ वर्षों के दौरान हुए विभिन्न कथित घोटालों, जैसे शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार और कुंतल घोष की जमानत से जुड़े संवेदनशील मामलों में उन्होंने ईडी और सीबीआई के पक्ष में अदालतों में बेहद धारदार और ठोस तथ्य प्रस्तुत किए हैं।

## केएमसी ने मानसून की तैयारियों को लेकर दक्षिण कोलकाता के बोरो अधिकारियों के साथ की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की कमिश्नर स्मिता पांडे ने भारी बारिश के दौरान खतरनाक घरों से होने वाले हादसों से बचने के लिए इलाके में निगरानी करने का आदेश दिया है। बुधवार को केएमसी कमिश्नर ने मानसून की तैयारियों को लेकर दक्षिण कोलकाता के बोरो अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद स्मिता पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर हमने सबसे पहले उत्तर कोलकाता के बोरो अधिकारियों के साथख बैठक की है। इस दिन, दक्षिण कोलकाता के चार विधानसभा क्षेत्रों के बोरो के साथ बैठक की। ज़्यादातर पंपिंग स्टेशन काफी हद तक तैयार हैं। कुछ जगहों पर कुछ पुरानी दिक्कतें हैं। दो पंपिंग स्टेशनों पर काम चल रहा है। इस दौरान पुराने पंपों की हालत भी चेक की जाएगी। भारी बारिश से पुराने घरों के गिरने का खतरा है। पुलिस के साथ मिलकर एक टीम बनाई जाएगी। गुरुवार से निरीक्षण शुरू होगा। स्थानीय लोगों से फीडबैक लिया जाएगा। खतरनाक घरों की पहचान की जाएगी। और स्थानीय लोगों को नोटिस जारी करके चेतावनी दी जाएगी। डेंगू की स्थिति पर भी चर्चा हुई। सरकारी घरों में ड्रेनेज और वेक्टर कंट्रोल की दिक्कतें मिली हैं। ड्रेनेज के साथ-साथ डेंगू को रोकने के लिए भी पहल की जाएगी। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वे यह पक्का करें कि पुलिस स्टेशन में ज़ब्त की गई गाड़ियों में पानी जमा न हो।

## जाली हस्ताक्षर विवाद : सीआईडी के समन के खिलाफ आज हाई कोर्ट में अभिषेक बनर्जी की याचिका पर होगी सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह आज तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने पार्टी विधायकों के हस्ताक्षर में कथित जालसाजी की जांच के सिलसिले में राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की किसी भी कठोर कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है। तृणमूल नेता के वकील कल्याण बनर्जी ने न्यायमूर्ति कौशिक चंदा की अदालत में तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि मंगलवार को डायमंड हार्बर के सांसद के दफ़्तर में उनकी गैर-मौजूदगी में सीआईडी ने छापेमारी की थी। न्यायमूर्ति चंदा ने कहा कि याचिका पर आज सुनवाई होगी। बता दें कि डायमंड हार्बर के सांसद ने न्यायालय में याचिका दायर कर सीआईडी की किसी भी कठोर कार्रवाई से सुरक्षा और अपने ख़िलाफ़ हस्ताक्षर में जालसाजी के मामले में प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की।

### पार्टी कार्यालय में सीआईडी की तलाशी पर हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी

हस्ताक्षर जालसाजी मामले की जांच को लेकर ममता बनर्जी के आवास से सटे पार्टी कार्यालय में सीआईडी की तलाशी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी की ओर से आरोप लगाया गया है कि सीआईडी बिना वैध सर्च वारंट और जब्ती सूची के दस्तावेज के कार्यालय में दाखिल हुई और तलाशी अभियान चलाया। मामले की सुनवाई इसी सप्ताह न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ में होने की संभावना है।

### 2018 के हमले के मामले में भाजपा नेता ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ उनके पूर्व चुनावी प्रतिद्वंद्वी और भाजपा के वरिष्ठ नेता अभिजीत दास ने डायमंड हार्बर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि उनकी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की नए सिरे से विस्तृत जांच की जाए। अभिजीत दास ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 दिसंबर 2018 को उन पर पूर्व नियोजित जानलेवा हमला हुआ था। उनका कहना है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट, तस्वीरों और अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ शिकायत सौंपी थी, लेकिन जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में कार्रवाई नहीं होने पर वर्ष 2023 में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जांच की स्थिति की जानकारी मांगी थी। अब उन्होंने फिर से शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। शिकायत के साथ जमा दस्तावेजों में अभिषेक बनर्जी, सुमित राय, गौतम अधिकारी समेत कुल 6 लोगों के नामों का उल्लेख किया गया है। साथ ही, घटना में कथित रूप से शामिल 150 से 160 हथियारबंद लोगों की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है। वहीं, शिकायत के आधार पर डायमंड हार्बर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा का संगठन सशक्तिकरण अभियान, 24 जून से राज्यभर में प्रशिक्षण शिविर




**हावड़ा, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से 24 जून से 26 जुलाई तक व्यापक प्रशिक्षण अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत राज्य के विभिन्न मंडलों में 24 घंटे के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों और बूथ अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को पंचाननतला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, विषय-वस्तु और संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा नेताओं के अनुसार प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह से भौतिक (फिजिकल) रूप में आयोजित किए जाएंगे। इसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आठ प्रमुख विषयों पर जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इनमें भाजपा की नीतियां, विचारधारा और आदर्श, संगठन की कार्यप्रणाली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियां, पश्चिम बंगाल सरकार के कार्यकाल और उसकी नीतियों का विश्लेषण, कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क और आचरण सहित अन्य संगठनात्मक विषय शामिल हैं।

बैठक में बाली के विधायक संजय सिंह, शिवपुर के विधायक रुद्रनील घोष, हावड़ा जिला भाजपा अध्यक्ष गौरांग भट्टाचार्य, जिला प्रभारी अनल विश्वास तथा भाजपा के प्रदेश सचिव मनोज पांडेय उपस्थित थे।

प्रदेश सचिव मनोज पांडेय, जो प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश सह-संयोजक भी हैं, ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और जनसंपर्क के स्तर पर अधिक सक्षम बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकें।

## हॉकरों की बेदखली पर उच्च न्यायालय की रोक, 17 जून तक व्यापारियों को राहत

**कोलकाता :** शहर के हॉकरों के लिए बड़ी राहत की खबर है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हॉकर बेदखली अभियान पर 17 जून तक अंतरिम रोक लगा दी है। गुरुवार को न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने यह महत्वपूर्ण आदेश दिया। अदालत के निर्देश के बाद फिलहाल 17 जून तक किसी भी प्रकार की बेदखली कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। मामले की अगली सुनवाई भी इसी दिन निर्धारित की गई है।

जादवपुर स्टेशन परिसर में हाल ही में चलाए गए बेदखली अभियान को लेकर उत्पन्न विवाद और तनाव का मामला उच्च न्यायालय पहुंचा था। रविवार देर रात रेलवे भूमि पर बने कथित अवैध ढांचों और हॉकरों को हटाने की कार्रवाई के दौरान तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई थी। इसके बाद प्रभावित हॉकरों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

हॉकरों की ओर से पेश अधिवक्ता ने मामले की तात्कालिकता का हवाला देते हुए न्यायालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने याचिका दायर करने की अनुमति देते हुए मामले की सुनवाई की और फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश जारी किया।

अदालत के इस आदेश के बाद स्टेशन परिसर के छोटे व्यापारियों और हॉकरों ने राहत की सांस ली है। बेदखली अभियान पर अस्थायी रोक लगने से प्रभावित परिवारों को फिलहाल कुछ समय के लिए राहत मिली है। अब सभी पक्षों की नजर 17 जून को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां इस मामले में आगे की दिशा तय हो सकती है।

## धूलागढ़ ट्रक टर्मिनल के पास युवक का शव बरामद, हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के धूलागढ़ ट्रक टर्मिनल के समीप एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान धूलागढ़ निवासी गोपाल सरकार (37) के रूप में हुई है। घटना की जांच कर रही हावड़ा सिटी पुलिस ने हत्या के आरोप में बिहार निवासी हैप्पी कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बुधवार को हावड़ा अदालत में पेश किया जाएगा। बुधवार को सांतारागाछी में आयोजित प्रेस वार्ता में हावड़ा सिटी पुलिस के डीसीपी (दक्षिण) गणेश विश्वास ने बताया कि पुलिस ने अपने सूत्रों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गोपाल सरकार की गमछे से गला घोंटकर हत्या की गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के दौरान एक चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है। शव बरामद होने के समय मृतक के शरीर पर साड़ी पहनाई गई थी, जिससे मामले का रहस्य और गहरा गया है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना का संबंध किसी देह व्यापार गिरोह अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों से तो नहीं है। हालांकि, अभी तक इस संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है।

### प्रदेश कांग्रेस ने लोक भवन के सामने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

❑ **ईंधन की बढ़ती कीमतों से लेकर नीट पेपर लीक समेत कई मामले शामिल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोलकाता के लोक भवन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात कर उन्हें राज्य और देश की जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें ईंधन की बढ़ती कीमतों से लेकर नीट पेपर लीक और अदाणी समूह तक के मुद्दे शामिल हैं। कांग्रेस ने शुभेंदु सरकार के अतिक्रमण विरोधी मुहिम पर हमला बोला है। उनका आरोप है कि 9 मई को नयी सरकार के कार्यभार संभालते ही कोलकाता और उसके आसपास के शहरी इलाकों व उपनगरीय रेलवे स्टेशनों के पास छोटे दुकानदारों और फेरीवालों को बिना किसी पूर्व सूचना या पुनर्वास के उजाड़ दिया गया। यह सुप्रीम कोर्ट के जीवन के अधिकार (अनुच्छेद 21) के फैसलों का खुला उल्लंघन है। प्रदेश कांग्रेस ने पूछा है कि कोलकाता नगर निगम और रेलवे की जमीनों पर बनी झुग्गियों पर जो बुलडोजर गरजते हैं, वे उन रसूखदार बिल्डरों और प्रमोटरों के खिलाफ शांत क्यों हैं, जिन्होंने सरेआम अवैध निर्माण खड़े किये हैं। कांग्रेस ने राज्य और केंद्र सरकार पर राज्य की जनता की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कोलकाता की जमीन से सीधे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राज्य के दिग्गज मंत्रियों के इस्तीफे की मांग कर डाली। कोलकाता में लोक भवन के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए शुभंकर सरकार ने कहा कि अगर जनविरोधी फैसलों को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पार्टी कोलकाता से लेकर दिल्ली तक राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन शुरू करेगी।

## श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन





**कोलकाता, समाज्ञा :** पतित पावन पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री श्याम मन्दिर आलमबाजार में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से पधारीं अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पूज्या दीदी ऋचा मिश्रा के मुखारविन्द से किया गया। कथा के मुख्य यजमान श्री गजानन्द एवं श्रीमती गायत्री देवी बिड़दीका ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा प्रारम्भ की। कथा का उद्घाटन विवेक आडुकिया एवं अशोक पोद्दार ने दीप प्रज्जवल कर किया। इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी ओम जालान, मुरारी लाल दीवान, सुमन जालान सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा श्याम के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हुए कथा श्रवण का आनन्द लिया। कथा में विश्वनाथ-दारुका, अशोक अग्रवाल, शंकर भावसिंहका, रमेश खेतान, कामिनी टिबड़ेवाल, रीना दास, महेन्द्र अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, विनोद शर्मा, राजीव जाजोदिया, संजय हरलालका, श्याम अग्रवाल, विद्यावती दिनोदिया, बसन्त अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल (डनलप), संतोष अग्रवाल, विजय भूत, रामप्रकाश सराफ, पुरुषोत्तम तिवारी एवं अन्य कई सम्मानीय अतिथिगण उपस्थित हुए। भारी गर्मी के बावजूद काफी संख्या में कथा का श्रवण करने महिलाएं पधारीं। मंदिर परिवार की ओर से उपाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, बालमुकुन्द अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मनोहर केजरीवाल, विनोद अग्रवाल कथा के संचालन में विशेष रूप से सक्रिय हैं। यह कथा 8 जून से 14 जून तक होगी एवं 15 जून को हवन के साथ समाप्त होगी। अध्यक्ष राजपाल गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उक्त जानकारी मंदिर के ट्रस्टी एवं सचिव गोविन्द मुरारी अग्रवाल ने दी।

### आमता के कर्मतीर्थ भवन से ताजा बम व शराब की बोतलें बरामद, इलाके में हड़कंप



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के आमता-1 ब्लॉक स्थित अनुलिया कर्मतीर्थ भवन से बुधवार को ताजा बम और शराब की बोतलें बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर यह बरामदगी की।

सूचना मिलते ही पेरो थाना पुलिस, केंद्रीय बल और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। अभियान के दौरान सीआई दीपजल भौमिक, एसडीपीओ निरुपम घोष समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मतदान के बाद से कर्मतीर्थ भवन में नियमित रूप से संदिग्ध बैठकों का आयोजन किया जा रहा था। बम और शराब की बोतलें मिलने के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है। लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने बरामद बमों और शराब की बोतलों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक किसी राजनीतिक दल का नाम आधिकारिक रूप से नहीं लिया गया है। बरामद सामग्री कहां से आई और इसके पीछे किन लोगों का हाथ है, इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## टीएमसी के पार्षद स्वप्न समद्दार गिरफ्तार, हत्या की कोशिश और छेड़छाड़ का आरोप

❑ **अब तक कुल 10 पार्षद पहुंचे जेल**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के वार्ड 58 के पार्षद तथा पूर्व मेयर परिषद सदस्य स्वपन समद्दार को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, छेड़छाड़ और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े आरोप लंबे समय से लंबित थे। पुलिस ने वर्ष 2022 की एक घटना के संबंध में नारकेलडांगा थाने में दर्ज मामले के आधार पर यह कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्वपन समद्दार को फूलबागान इलाके से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी के साथ ही कोलकाता नगर निगम के गिरफ्तार पार्षदों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पुलिस के अनुसार, 2 मई 2022 को हुई एक कथित घटना के सिलसिले में मंगलवार को नारकेलडांगा थाने में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शिकायत करने वाली महिला है। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत स्पप्न समद्दार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें हत्या की कोशिश, छेड़छाड़, गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाना, काम में बाधा डालना, जान-बूझकर चोट पहुंचाना, संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, चोरी और आपराधिक धमकी देने से जुड़ी धाराएं शामिल हैं।

### आनंदपुर का कथित 'खौफ' बच्चन गिरफ्तार, थाने से निकलते ही बरसे अंडे और टमाटर

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के फरार पार्षद सुषांत घोष के करीबी और आनंदपुर क्षेत्र में 'बच्चन' के नाम से चर्चित सुजीत पाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर हाकरों से बड़े पैमाने पर अवैध वसूली करने सहित कई गंभीर आरोप हैं। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस उसे आनंदपुर थाने से बाहर लेकर निकली, तब स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाने के बाहर बड़ी संख्या में लोग पहले से एकत्र थे। जैसे ही पुलिस सुजीत पाल को बाहर लेकर आई, भीड़ ने उसके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और उसकी ओर अंडे तथा टमाटर फेंके जाने लगे। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों में लंबे समय से उसके खिलाफ नाराजगी थी। आरोप है कि वह क्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में काम करता था और हाकरों से करोड़ों रुपये की रंगदारी वसूलने के मामले में उसका नाम सामने आया है। अचानक शुरू हुए विरोध प्रदर्शन के कारण पुलिस को आरोपी को जेल वाहन तक पहुंचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा घेरे में आरोपी को किसी तरह वाहन में बैठाया और अदालत के लिए रवाना कर दिया।

## ईश्वर केवल विचार या तर्क का नहीं, प्रत्यक्ष अनुभूति का विषय : डॉ. सर्वेश्वर

❑ **श्री राम कथा में राम-जानकी विवाहोत्सव का उत्साहपूर्ण आयोजन**

❑ **दिव्य दृष्टि जागृत होने पर मनुष्य को अपने भीतर ही ईश्वर के दर्शन होते हैं : डॉ. सर्वेश्वर**



**हावड़ा :** राम भक्त परिवार एवं दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में 101 फोरशोर रोड, हावड़ा में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन श्रीराम-जानकी विवाहोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास एवं दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के परम शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने सीता स्वयंवर प्रसंग का वर्णन करते हुए उसके आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए यह शर्त रखी थी कि जो भगवान शिव के दिव्य धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही सीता का वरण कर सकेगा। इस स्वयंवर में अनेक राजा, महाराजा, राजकुमार, देवता और राक्षस तक विभिन्न रूपों में पहुंचे, लेकिन कोई भी उस धनुष को उठाने में सफल नहीं हो सका। तब महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने शिव धनुष का भंग कर दिया और सीता स्वयंवर संपन्न हुआ।

डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि शिव धनुष केवल एक भौतिक धनुष नहीं, बल्कि मानव मन में वर्षों से जमी अंध-मान्यताओं और गलत धारणाओं का प्रतीक है। यदि आत्मा रूपी जानकी का मिलन परमात्मा रूपी राम से कराना है, तो इन मानसिक बंधनों को तोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी भ्रांति यह है कि ईश्वर को देखा नहीं जा सकता, जबकि वेद, शास्त्र, पुराण और संत परंपरा स्पष्ट रूप से बताते हैं कि ईश्वर प्रत्यक्ष अनुभव और साक्षात्कार का विषय है।

उन्होंने कहा कि ईश्वर स्थूल नेत्रों से दिखाई नहीं देते, बल्कि उनके दर्शन के लिए दिव्य चक्षु की आवश्यकता होती है, जिसे शास्त्रों में शिवनेत्र, दिव्य दृष्टि, दशम द्वार और आज्ञाचक्र जैसे नामों से वर्णित किया गया है। पूर्ण सद्गुरु जब ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्रदान करते हैं, तब इसी दिव्य नेत्र का उद्घाटन होता है और साधक को अपने भीतर ही ईश्वर के दिव्य स्वरूप का अनुभव होने लगता है।

उन्होंने कहा कि जब अज्ञान और भ्रम का यह धनुष टूट जाता है, तब आत्मा परमात्मा के मिलन के लिए तैयार हो जाती है और जीवन आनंद एवं शांति से भर उठता है। इसलिए तत्वदर्शी सद्गुरु की कृपा से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर अपने ही अंतर्मन में परमात्मा का साक्षात्कार करना मानव जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्रीराम की आरती एवं भक्ति-गायन के साथ हुआ।

# रेलवे ने 12 साल में चिनाब रेल पुल, 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण सहित कई उपलब्धि हासिल की: सरकार



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने केंद्र में अपने 12 साल के कार्यकाल में रेलवे द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बुधवार को कहा कि इस अवधि में चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का निर्माण कार्य पूरा हुआ, पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाई गई और बड़ी लाइन के 99.6 प्रतिशत हिस्से का विद्युतीकरण किया गया। इस मौके पर सरकार की ओर से जारी एक पुस्तिका में देश भर में रेल अवसंरचना के क्षेत्र में कई अहम विकास कार्यों का ज़िक्र किया है। सरकार ने रेलवे की बड़ी लाइन नेटवर्क के 99.6 प्रतिशत हिस्से के विद्युतीकरण का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह उपलब्धि देश की सतत परिवहन और आर्थिक विकास की रणनीति का एक अहम आधार है। इस उपलब्धि के कारण भारत दुनिया के सबसे ज्यादा विद्युतीकृत रेल प्रणाली वाले देशों में से एक बन गया है। पुस्तिका में कहा गया है कि इस पहल से कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। इसमें कहा गया कि 2025-26 में रेलवे ने 741 करोड़ यात्रियों को सेवा दी और वंदे भारत, नमो भारत और तेजस जैसी ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से राष्ट्रीय क्षमता बढ़ाई गई है। सरकार ने कहा कि रेल मंत्रालय की कई पहल की वजह से टिकट पाना आसान हो गया है। इसमें दावा किया गया है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की शानदार शुरुआत के बाद, पहले तीन महीनों में 1.2 लाख से ज़्यादा यात्रियों ने इस सेवा का लाभ उठाया और इस ट्रेन में एक भी सीट खाली नहीं गई। चिनाब नदी की सतह से 359 मीटर की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण के संबंध में सरकार ने कहा कि यह ढांचा इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन नमूना है जो भारत की तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। पुस्तिका में रेखांकित किया गया कि यह पुल पेरिस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा है। इसमें कहा गया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की मदद से बनाया गया भारत का पहला विस्फोट-रोधी रेलवे पुल, जम्मू और श्रीनगर के बीच सीधे रेल संपर्क को आसान बनाता है, जिससे यात्रा का समय काफी कम हो गया है। सरकार ने अंजी खड्ड ब्रिज का भी ज़िक्र किया, जो भारत का पहला केबल आधारित रेलवे पुल है। यह जम्मू-श्रीनगर मार्ग पर है और उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के कटरा-बनिहाल खंड में एक अहम कड़ी का काम करता है। इसमें कहा गया है, ''जम्मू से लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित यह पुल अंजी नदी घाटी से 331 मीटर ऊपर बना है।'' सरकार के अनुसार, 2014 के बाद से 36,000 किलोमीटर नयी रेल पटरियां बिछाई गई हैं और 484 किलोमीटर लंबी सुरंगें बनाई गई हैं, जबकि 2014 से पहले केवल 125 किलोमीटर सुरंगें ही बनी थीं। सरकार ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के बारे में कहा कि 508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना निर्माणाधीन है। यह मार्ग गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव से होकर गुजरेगा।

## रेलवे स्टेशनों पर देशव्यापी अग्नि सुरक्षा ऑडिट करेगा

**नयी दिल्ली:** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को और मज़बूत करने के लिए देश भर के रेलवे स्टेशनों पर अग्नि सुरक्षा ऑडिट करेगा। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। रेल मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया, इस पहल के तहत मौजूदा अग्नि सुरक्षा प्रणाली का आकलन किया जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने तथा रेलवे की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसमें यह भी कहा गया है कि ऑडिट में सुरक्षा से जुड़ी सभी प्रमुख अवसंरचना शामिल होंगी, जैसे स्टेशन की इमारतें, बिजली प्रणाली, वातानुकूलन और हवा की आवाजाही की व्यवस्था, आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरण, पानी की उपलब्धता, पंपिंग की व्यवस्था और स्प्रिंकलर सिस्टम। अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद यह पक्का करना है कि रेलवे स्टेशन आपातकालीन स्थितियों, जैसे कि आग लगने की घटनाओं, से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

# भाजपा ने बेंगलुरु में अपशिष्ट प्रबंधन में 39 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया



**बेंगलुरु:** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने बेंगलुरु के अपशिष्ट प्रबंधन में 39,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है और एक निजी कंपनी को दी गई दीर्घकालिक कचरा प्रसंस्करण निविदा के जरिये 10,000 करोड़ रुपये की रिश्वत प्राप्त की है। बाद में भाजपा नेता अशोक ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत को एक ज्ञापन सौंपकर निविदा प्रक्रिया की जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एक निजी कंपनी को 35 वर्षों के लिए बहुत अधिक दरों पर अनुबंध दिया गया था, जिससे सरकारी खजाने पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ पड़ा है। अशोक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'देश के इतिहास में ऐसा पहली बार है जब कचरे के नाम पर 35,000 करोड़ रुपये की इतनी बड़ी लूट हुई है।' उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेज भी जारी किये। अशोक ने आरोप लगाया कि कचरे के प्रसंस्करण और निपटान की निविदा दिल्ली की एमएसडब्ल्यू सॉल्यूशंस लिमिटेड या उसकी मूल कंपनी रामकी को 30 वर्षों के लिए दी गई है, जिसमें पांच वर्ष के विस्तार का प्रावधान शामिल है, जिससे कुल अनुबंध अवधि 35 वर्ष हो जाती है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु वर्तमान में कचरा संग्रहण और परिवहन पर 514 करोड़ रुपये वार्षिक, प्रसंस्करण और निपटान पर 380 करोड़ रुपये तथा नगर निकाय के 11 हजार कर्मियों के वेतन पर 444 करोड़ रुपये खर्च करता है, जिससे कुल वार्षिक व्यय 1,344 करोड़ रुपये हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक वृहद बेंगलुरु क्षेत्र (जीबीए) में कचरा प्रबंधन का कार्य स्थानीय ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा था, लेकिन 39,000 करोड़ रुपये की नयी निविदा दिल्ली की एक कंपनी को दे दी गई है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत शामिल है। अशोक ने यह भी आरोप लगाया कि निविदा प्रक्रिया के तहत आवश्यक अनिवार्य समाचारपत्र विज्ञापन जारी नहीं किए गए थे। वित्त विभाग द्वारा उठाई गई आपत्तियों का उल्लेख करते हुए, अशोक ने कहा कि एक ही कंपनी को दोनों पैकेज दिए जाने, 30 वर्ष की अनुबंध अवधि तथा पांच प्रतिशत वृद्धि के प्रावधान को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई थीं। अशोक ने दावा किया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव रितेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव में कमियों की ओर ध्यान दिलाया था। ठेकेदार के चयन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने धोखाधड़ी और नियमों के उल्लंघन के कारण रामकी को काली सूची में डाल दिया था तथा यह भी बताया कि कंपनी का अनुबंध 2016 में बीबीएमपी द्वारा रद्द कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने निविदा उसी कंपनी को दे दी। अशोक ने दावा किया कि यह प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के पद छोड़ने से पहले मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर कर लिया गया था और कई मंत्रियों द्वारा उठाई गई आपत्तियों को नजरअंदाज कर दिया गया था।

## जल जीवन मिशन के तहत करीब 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया: सरकार

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर जारी एक सरकारी दस्तावेज के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत लगभग 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है, जिससे सुरक्षित पेयजल की सुविधा 81 प्रतिशत से अधिक परिवारों तक पहुंच गई है। पंद्रह अगस्त 2019 को शुरू किये गए जल जीवन मिशन का उद्देश्य देश के हर ग्रामीण परिवार तक नल से जल उपलब्ध कराना है। शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों (यानी कुल परिवारों के 16.71 प्रतिशत) को ही नल से जल उपलब्ध हो रहा था। तब से अब तक, 12.5 करोड़ से अधिक और परिवारों को इससे जोड़ा गया है, जिससे इसके दायरे में लगभग 16 करोड़ परिवार आ चुके हैं।

## कांग्रेस ने महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक बुलाई

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को अपने महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों की बैठक बुलाई है, जिसमें संगठनात्मक स्थिति, संगठन से जुड़े कार्यों की समीक्षा और वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की जाएगी। हालिया विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस महासचिवों एवं प्रभारियों की संयुक्त रूप से यह बैठक पहली बार हो रही है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए कल 11 जून 2026 को 'इंदिरा भवन' (कांग्रेस मुख्यालय) में कांग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में संगठन के कार्यों और 'संगठन सृजन' अभियान की समीक्षा के साथ ही आगे के कार्यक्रमों एवं रणनीति पर चर्चा की जा सकती है।

## रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए 20 'ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम जैमर' का अनुबंध किया

**नयी दिल्ली:** रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए बेहतर क्षमता वाले 20 'ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम' (जीएनएसएस) जैमर खरीदने के लिए एक कंपनी के साथ 449 करोड़ रुपये का अनुबंध किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह अनुबंध 'स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत किया गया है। इसमें कहा गया है कि जीएनएसएस जैमर के शामिल होने से कई तरह के खतरों वाले माहौल में नौसेना के जहाजों के सुरक्षित अभियान का रास्ता साफ होगा। मंत्रालय ने बताया कि 449 करोड़ रुपये का यह अनुबंध बेंगलुरु की कंपनी 'एकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' (एएसएसपीएल) के साथ किया गया है। इस अनुबंध पर नयी दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज-2(ए) को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस 6.032 किलोमीटर का विस्तारित मेट्रो मार्ग शहर के मुख्य रिहायशी और वाणिज्यिक इलाकों के बीच संपर्क को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगा। अधिकारियों ने बताया कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा। बयान के मुताबिक, विश्व पुलिस खेल-2029 और राष्ट्रमंडल खेल-2030 से पहले आसपास के इलाकों में खेल अवसंरचना भी विकसित किए जाने की संभावना है। इसके मुताबिक फेज-2(ए) में चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन होगा। नया मार्ग शुरू होने के बाद, अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किलोमीटर हो जाएगी।

## ईरानी इंजीनियर रहीमाबादी जोजिला सुरंग परियोजना में निभा रहे अहम भूमिका



**मिनीमर्ग (लद्दाख):** ईरान में आसमान से मिसाइलें बरसने के बावजूद, ईरानी इंजीनियर यूसुफ इसहाकपुर रहीमाबादी उस परियोजना पर ध्यान लगाए हुए हैं जो लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के लोगों को साल भर जोड़े रखेगी। अपने देश में जारी संघर्ष से हजारों मील दूर भारत में जोजिला सुरंग के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हुए रहीमाबादी को बेहद कड़ाके की ठंड, भारी बर्फबारी और दुर्गम रास्तों का सामना करना पड़ता है। भारत में पढ़ाई और यहीं शादी करने वाले रहीमाबादी भारत को अपना दूसरा घर मानते हैं। जब मंगलवार को महत्वाकांक्षी जोजिला सुरंग परियोजना में एक बड़ी कामयाबी मिली, तो वह खुशी और गर्व से भर गए और उन्होंने इस उपलब्धि को ''बहुत बड़ा मील का पत्थर'' बताया। जोजिला सुरंग परियोजना के मौजूदा अथॉरिटी इंजीनियर रहीमाबादी ने कहा कि इतनी शानदार परियोजना पर काम करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, 'मैं ईरान से हूं। मैं जोजिला परियोजना पर काम कर रहा हूं। इस परियोजना पर काम करना बहुत सम्मान की बात है। यह एक शानदार परियोजना है और देश के लिए गर्व की बात है।'' रहीमाबादी ने कहा, ''कई चुनौतियां थीं, लेकिन हमने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। बाकी काम पूरा करने और सुरंग को जनता के लिए खोलने में अभी 2 से 2.5 साल और लगेंगे।'' उन्होंने कहा, 'यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग है। यह कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी देगी। आपातकालीन स्थिति में रक्षा बल इस सुरंग का इस्तेमाल कर सकेंगे।'

# पुरी मंदिर को भगवान जगन्नाथ से जुड़े तीन मुख्य शब्दों और चिह्न के लिए पेटेंट मिला

**पुरी (ओडिशा):** पुरी स्थित 12वीं सदी के श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रशासन ने मंदिर से जुड़े कुछ विशेष शब्दों और चिह्न के लिए पेटेंट हासिल कर लिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने 16 जुलाई को होने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अनुष्ठानों के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए यह बात बताई। पाधी ने कहा, 'हमने आनंद बाजार, श्री पतितपावन और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन जैसे तीन शब्दों के लिए पेटेंट हासिल कर लिए हैं। हमें इस संबंध में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिया (आईपीआई) से आधिकारिक पुष्टि भी प्राप्त हो गई है।' उन्होंने बताया कि मंदिर ने श्री जगन्नाथ संस्कृति



और मंदिर से जुड़े 29 चीज़ों के लिए आईपीआई से पेटेंट की मंजूरी मांगी थी। इनमें से तीन नामों के 'वर्डमार्क' और चिह्न को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि शेष 26 अन्य सामग्रियों के संबंध में आईपीआई ने अतिरिक्त जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, ''हमें भरोसा है कि शेष 26 अन्य सामग्रियों के लिए भी पेटेंट मंजूरी प्राप्त हो जाएगी।'' आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, श्रीमंदिर, जगन्नाथ धाम, पुरुषोत्तम क्षेत्र, श्रीक्षेत्र, बड़ा डंडा और महाप्रसाद जैसी 26 सामग्रियों के लिए पेटेंट मंजूरी का इंतजार है। इससे पहले, एसजेटीए ने कहा था कि वह पुरी जगन्नाथ मंदिर से जुड़े शब्दों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए उनके पेटेंट को लेकर आवेदन करेगा। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दीघा जगन्नाथ मंदिर परिसर के नाम से धाम शब्द हटाने की घोषणा की। इससे पहले, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल सरकार को पत्र लिखकर दीघा जगन्नाथ मंदिर के नाम से धाम शब्द हटाने का आग्रह किया था। बंगाल में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत नयी सरकार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बुधवार को दीघा मंदिर के साइनबोर्ड से धाम शब्द हटा दिया।

## मोदी के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर गुजरात में 'महाआरती'



**गांधीनगर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बुधवार को भाजपा ने गुजरात के मंदिरों में 'महाआरती' का आयोजन किया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। बुधवार को मोदी ने लगातार 4,399 दिनों का कार्यकाल पूरा किया और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे थे। भाजपा की एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'बुधवार सुबह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर के अडालज स्थित त्रिमंदिर में महाआरती में भाग लिया। गुजरात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा शाम सात बजे मेहसाणा जिले के वडनगर (प्रधानमंत्री मोदी का गृहनगर) में प्राचीन हटकेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती में शामिल होंगे।' इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जा रही हैं। 'लगातार 12 वर्षों का भरोसा, विकास और जन-कल्याण' नामक अभियान के तहत, भाजपा नेता, चुने हुए जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक गुजरात के अलग-अलग जिलों के मंदिरों में महाआरती में हिस्सा लेंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि इसके तहत सफाई अभियान भी चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई मंत्री और भाजपा के क्षेत्रीय नेता राज्य के अलग-अलग मंदिरों में महाआरती में शामिल होंगे।

## नीट की दोबारा परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम: स्वास्थ्य, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने दिया आश्वासन

**नयी दिल्ली:** स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को एक संसदीय समिति को आश्वस्त किया कि 21 जून को नीट-यूजी पुनर्परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीन मई को आयोजित स्नातक चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के चलते 12 मई को रद्द कर दिया गया। इसके बाद, नीट पुनर्परीक्षा कराने के मामले पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मामलों की संसदीय समिति ने दोनों मंत्रालयों के सचिवों को तलब किया था। समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के शीर्ष अधिकारियों को भी तलब किया था। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से प्रवेश परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और गड़बड़ी-मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह भरोसेमंद एवं त्रुटिरहित व्यवस्था अपनाने को कहा। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से कहा कि चीन, अमेरिका और अन्य देशों में भी इसी प्रकार की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन वहां प्रश्नपत्र लीक होने या अन्य अनियमितताओं की घटनाएं सामने नहीं आतीं।

# आदि कैलाश यात्रा के लिए 'इनर लाइन परमिट' का टूटा रिकॉर्ड

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड):** आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा शुरू होने के महज 40 दिनों के भीतर कुल 37,818 'इनर लाइन परमिट' (विशेष अनुमति पत्र) जारी किए जा चुके हैं। यह संख्या पिछले साल जारी किए गए परमिट की कुल संख्या से भी अधिक है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन और नेपाल की सीमा से सटे इस संवेदनशील क्षेत्र में जाने के लिए प्रशासन द्वारा यह विशेष अनुमति पत्र जारी किया जाता है। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, पिछले साल जारी किए गए कुल 36,526 परमिट का रिकॉर्ड सोमवार



(8 जून) को ही टूट गया था। इस दिन देश के विभिन्न हिस्सों से आए तीर्थयात्रियों को 1,194 परमिट जारी किए गए, जिससे कुल संख्या बढ़कर 36,776 पहुंच गई। इसके बाद नौ जून को भी श्रद्धालुओं का उत्साह बना रहा और उस दिन 1,042 परमिट जारी किए गए जबकि पिछले साल इसी तारीख को महज 618 परमिट दिए गए थे। यह वार्षिक यात्रा एक मई से शुरू हुई थी और नवंबर तक छह महीने से अधिक समय तक चलती है। हालांकि जुलाई और अगस्त के दौरान (मानसून के कारण) इसे स्थगित रखा जाता है। धारचूला में कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) बेस कैंप के प्रभारी धन सिंह बिष्ट ने बताया कि इस साल तीर्थयात्रियों की कुल संख्या एक लाख के पार जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में आने वाले लोगों में बड़ी संख्या छुट्टियां मनाने वालों की दिख रही है, जबकि पारंपरिक तीर्थयात्रियों का आना जून के मध्य के बाद नियमित होने की संभावना है।

## ओमान के पास वाणिज्यिक पोत पर हमले में चालक दल के 3 भारतीय सदस्य लापता

**नयी दिल्ली:** ओमान के तट पर बुधवार को हमले का शिकार हुए एक वाणिज्यिक जहाज पर मौजूद चालक दल के 24 भारतीय सदस्यों में से तीन लापता हैं। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। अपनी प्रतिक्रिया में नयी दिल्ली ने कहा कि पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक नौवहन और आम लोगों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए, और अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर बिना किसी रुकावट के आवाजाही जल्द से जल्द बहाल की जानी चाहिए। वाणिज्यिक पोत 'सेटेबेलो' पर यह हमला तब हुआ, जब इसके दो दिन पहले ही पलाओ के झंडे वाले एक जहाज़ पर, जिसमें 24 भारतीय सवार थे, अमेरिकी नौसेना ने हमला किया था। यह जहाज़ ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश कर रहा था।

# नीतिगत गतिरोध से विकसित भारत तक: मोदी युग ने भारत को नए सिरे से परिभाषित किया



श्री पीयूष गोयल

वर्ष 2014 के बाद से, भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसकी अर्थव्यवस्था कहीं अधिक मजबूत हुई है। बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से बेहतर हुआ है। महिलाएं बेहद सशक्त हुई हैं। किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं और गरीब अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित हुए हैं। इन तमाम बदलावों में एक ही बात साझा है: प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और उनका नेतृत्व। भारत के लोगों ने उनके दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व का भरपूर समर्थन किया है और उन्हें देश का सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाला निर्वाचित प्रधानमंत्री बनाया है। बीते 10 जून को उन्होंने राष्ट्र की सेवा में 4,399 दिन पूरे किए और अपनी पहली चुनावी जीत के बाद जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। देश के लोगों ने ऐसे समय में 2014 में मोदी सरकार को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी, जब अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी और यूपीए सरकार के बदनाम कार्यकाल के दौरान नीतिगत गतिरोध, भ्रष्टाचार, घोटालों एवं विवादों को लेकर जनता में निराशा लगातार बढ़ रही थी।

**संवेदनशील नेतृत्व** – 2014 से देश निरंतर बदलाव की यात्रा पर है। मोदी सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की, 58 करोड़ जन धन बैंक खातों के जरिए वित्तीय समावेशन को संभव बनाया और 16 करोड़ घरों तक नल के पानी का कनेक्शन पहुंचाया। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, 'आयुष्मान भारत' के जरिए 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिल रही है।

कई युवा भारतीयों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल हो सकता है कि मोदीजी द्वारा पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में लाए गए बड़े बदलावों से पहले जीवन कितना चुनौतीपूर्ण था। उनके निर्णायक नेतृत्व और नेक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण ने देश को 'विकसित भारत 2047' मिशन की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस मिशन में भारत की विरासत पर गर्व और विकास का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा शामिल है।

### नारी शक्ति

प्रधानमंत्री के लिए महिलाएं केवल सहायता की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता हैं। सबसे पहले उनकी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दिया गया: स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। इससे उनकी सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे महिलाओं को धुएं से भरी रसोई के खतरों से मुक्ति मिली। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की पहल ने बेटियों की शिक्षा एवं उनके कल्याण के महत्व को और ठोस बनाया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के जरिए, प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने के लिए देश की विधायिकाओं में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की है।

### किसानों का कल्याण

किसानों का कल्याण प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का एक मुख्य आधार रहा है। किसानों के योगदान को मान्यता देते हुए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के जरिए उन्हें सीधे आय संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत बांटे गए कुल 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि से लगभग 10 करोड़ किसान परिवारों को लाभ हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी काफी बढ़ोतरी की है, जो अब उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना है। साथ ही, किफायती दरों पर फसलों के लिए पोषक तत्व उपलब्ध कराकर किसानों को वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से बचाया गया है।

### युवाओं के लिए अवसर

युवा भारतीयों के लिए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से, 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी प्रमुख पहलें शुरू की गई हैं। 'कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय' के रूप में एक समर्पित मंत्रालय के गठन से जहां युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुकूल कौशल से लैस करने में मदद मिली है, वहीं भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में उभरती हुई क्रांति का लाभ उठाने के लिए तैयार भी किया गया है। 'स्टार्टअप इंडिया' और नवाचार को दिए गए व्यापक समर्थन ने कई युवाओं को नौकरी खोजने वाला से हटकर नौकरी देने वाला बनने में मदद की है। इन पहलों ने उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) की एक ऐसी नई लहर को नींव रखी है, जिसमें आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के मामले में अहम योगदान देने की क्षमता है।

### अर्थव्यवस्था और जीवनयापन में सुगमता

वर्ष 2014 से पहले, भारत की गिनती दुनिया की फ्रेजाइल फाइव (कमजोर पांच) अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में होती थी। निवेशकों का भरोसा भी लगातार कम हो रहा था। साहसिक सुधारों, निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियों, वित्तीय अनुशासन और अपेक्षाकृत कम महंगाई के सहारे, भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यह कारोबार व निवेश का एक आकर्षक स्थल बनता जा रहा है। भारत ने विभिन्न विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे हमारे युवाओं, किसानों, छोटे व्यवसायों, कारीगरों और श्रमिकों के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर खुले हैं। और ऐसा भारत के हितों से समझौता किए बिना किया गया है। यह यूपीए सरकार द्वारा किए गए कुछ लापरवाही भरे समझौतों से बिल्कुल अलग है। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों की कम दरों जैसे बड़े सुधारों के जरिए कारोबार जगत और मध्यम वर्ग का भरोसा भी बढ़ाया है। इंटरनेट की पैठ और डिजिटल भुगतान प्रणाली के तेज विस्तार के साथ मिलकर, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव डालने के साथ-साथ नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन को भी आसान बनाया है। कई पुराने एवं मामूली अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाने तथा अनुपालन के अनावश्यक बोझ को कम करने से कारोबार जगत को और भी अधिक लाभ हुआ है। मध्यम वर्ग को भी काफ़ी राहत मिली है और 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय को आयकर से छूट दे दी गई है।

### आधुनिक बुनियादी ढांचा

मोदी सरकार देश के बुनियादी ढांचे में तेजी से बदलाव ला रही है। सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। वर्ष 2014 में सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या 74 थी और अब यह 160 से अधिक हो गई है। बड़े पैमाने पर रेलवे के विद्युतीकरण, महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना और राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेसवे के तेज विस्तार ने देश के कई हिस्सों के बुनियादी ढांचे को दुनिया के बेहतरीन बुनियादी ढांचों की बराबरी में ला खड़ा किया है। प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का वास्तविक महत्व कार्यकाल के दिनों की गिनती में नहीं, बल्कि किए गए व्यापक बदलावों में निहित है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने गरीबों एवं किसानों के कल्याण, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं और उभरते भारत की महत्वाकांक्षाओं को शासन के केन्द्र में रखा है। अब जबकि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के नए संकल्प के साथ बदलाव की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)

हे प्रभो! यह तेरापंथ

# हार्दिक बधाई !



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र
भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले
निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर

## श्री नरेन्द्र मोदी जी को

कोटिशः बधाई एवं मंगलकामनाएँ।

संकल्पों से इतिहास लिखा,
परिश्रम से पहचान बनाई।
हर बाधा को अवसर करके,
नव विकास की गाथा लिखवाई।।

जन-जन की आशाओं का वह,
अब सशक्त आधार बने।
विकसित, वैभवशाली भारत का,
विश्व में उज्जवल द्वार बने।।

राष्ट्रहित जिनका प्रथम धर्म,
सेवा जिनका अभियान रहे।
माँ भारती के गौरव का यह,
अजर अमर विजयगान रहे।।

**जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा**
3, पोर्तुगीज चर्च स्ट्रीट, कोलकाता-700001

**आचार्य महाप्रज्ञ महाश्रमण एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन**
2219, स्ट्रीट नंबर 3333, प्लॉट नंबर-IIIA, एक्शन एरिया-III,न्यू टाउन, कोलकाता-700160


वर्ष 11, पूर्णांक 3619 अंक 085 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in